www.govtjobsalert.in

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Center Name | Shree Vinayak Institute |
| Test Date | 21/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

**Q.1** कोई धनराशि A, B, C और D के बीच 14 : 7 : 11 : 10 के अनुपात में बांटी जानी है। यदि C को B से ₹196 अधिक मिले, तो A को कितनी धनराशि प्राप्त हुई?

Ans
✗ 1. ₹685
✗ 2. ₹688
✓ 3. ₹686
✗ 4. ₹684

**Q.2** अनिरुद्ध को 90 km की दूरी तय करने में बुरहान से 3 घंटे अधिक लगते हैं। यदि अनिरुद्ध अपनी चाल दोगुनी कर दे, तो उसे बुरहान से 2 घंटे कम लगेंगे। अनिरुद्ध की आरंभिक चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 9 km/hr
✗ 2. 18 km/hr
✗ 3. 6 km/hr
✗ 4. 2 km/hr

**Q.3** यदि '÷' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '+' को आपस में बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$4320 - 96 \times 37 + 21 \div 372 = ?$

Ans
✓ 1. 450
✗ 2. 822
✗ 3. 1350
✗ 4. 733

**Q.4** भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान किस वर्ष शुरू किया?

Ans
✗ 1. 2019
✗ 2. 2022
✓ 3. 2020
✗ 4. 2021

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन-सी भारत में संविदा कृषि की विशेषता है?

Ans
✗ 1. कॉरपोरेशंस की कोई भागीदारी नहीं
✗ 2. केवल पारंपरिक बीजों का उपयोग
✗ 3. किसान अपने इस्तेमाल के लिए खाद्यान्न उगाते हैं
✓ 4. कंपनियों द्वारा निश्चित बाय-बैक दर

www.govtjobsalert.in

Q.6 यदि 674 केले, तीन बंदरों के बीच $\frac{17}{2} : \frac{14}{6} : \frac{2}{5}$ के अनुपात में उल्लिखित क्रम में वितरित किए गए, तो तीसरे बंदर को कितने केले मिले?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 22
2. 25
3. 24 ✔
4. 23

Q.7 किस वार्षिक दर (प्रतिशत में) से ₹1,250 की राशि पर 10 वर्षों के साधारण ब्याज के रूप में ₹500 प्राप्त होंगे?

Ans
1. 4% ✔
2. 3%
3. 7%
4. 6%

Q.8 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से FBHP का संबंध JFLT से है। उसी तरीके से VRXF का संबंध ZVBJ से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, HDJR का संबंध निम्नलिखित में से किस विकल्प से है?

Ans
1. LHNV ✔
2. LVNH
3. LHVN
4. LVHN

Q.9 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में अनुसरण की गई संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि, 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 तथा 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

12 - 13 - 15 - 30; 14 - 15 - 17 - 34

Ans
1. 4 - 5 - 7 - 10
2. 1 - 2 - 4 - 16
3. 3 - 4 - 5 - 10
4. 9 - 10 - 12 - 24 ✔

Q.10 संख्या 63458791 में प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या की तुलना में इस प्रकार बनी नई संख्या में कितने अंकों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans
1. दो
2. तीन
3. एक भी नहीं
4. एक ✔

Q.11 भारत के किस राज्य में भील जनजातीय समुदाय की जनसंख्या सर्वाधिक है?

Ans
1. केरल
2. मध्य प्रदेश ✔
3. तमिलनाडु
4. ओडिशा

www.govtjobsalert.in

Q.12 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
G के दाएँ से गिनने पर G और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E और B के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। G और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है।
D के दाएँ से गिनने पर A और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. चार
✗ 2. तीन
✗ 3. एक
✓ 4. दो

Q.13 विधायिका के प्रति जवाबदेही के संबंध में भारतीय प्रधानमंत्री और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच मुख्य अंतर क्या है?

Ans
✓ 1. अमेरिकी राष्ट्रपति और उनका मंत्रिमंडल संसद के सदस्य नहीं होते हैं, जबकि भारतीय प्रधानमंत्री और उनके मंत्रियों को संसद का हिस्सा होना अनिवार्य है।
✗ 2. अमेरिकी राष्ट्रपति को संसद में साधारण बहुमत से बर्खास्त किया जा सकता है, जबकि भारतीय प्रधानमंत्री को उनके पद से अविश्वास प्रस्ताव द्वारा हटाया जा सकता है।
✗ 3. भारतीय प्रधानमंत्री के विपरीत, अमेरिकी राष्ट्रपति को संसद से विश्वास मत प्राप्त करना होगा।
✗ 4. अमेरिकी राष्ट्रपति सामूहिक रूप से संसद के प्रति उत्तरदायी होते हैं, जबकि भारतीय प्रधानमंत्री नहीं।

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा वह खनिज-आधारित उद्योग है, जो अयस्क या अन्य खनिजों का कच्चे माल के रूप में उपयोग करता है?

Ans
✗ 1. कपड़ा
✗ 2. रबर
✗ 3. चीनी
✓ 4. लोहा और इस्पात

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ 1. HKF
✗ 2. NQL
✗ 3. KNI
✓ 4. EHB

Q.16 100 m और 500 m लंबाई वाली दो ट्रेनें एक ही दिशा में क्रमशः 100 km/hr और 110 km/hr की चाल से चल रही हैं। पीछे से आ रही तेज चलने वाली ट्रेन द्वारा दूसरी ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में लगने वाला समय (मिनट में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 6
✗ 2. 9.3
✗ 3. 1.4
✓ 4. 3.6

Q.17 भारत में निजीकरण के लिए विनिवेश को एक साधन के रूप में अपनाया गया था। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प विनिवेश को सर्वाधिक सटीक रूप में परिभाषित करता है?

Ans
✗ 1. सार्वजनिक ऋण में वृद्धि
✗ 2. विदेशी सरकारों को सार्वजनिक संपत्तियां बेचना
✓ 3. सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सरकारी हिस्सेदारी बेचना
✗ 4. सरकार द्वारा निजी कंपनियों की खरीदना

www.govtjobsalert.in

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, TLOS का संबंध एक निश्चित तरीके से NFIM से है। उसी प्रकार, VNQU का संबंध PHKO से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, XPSW का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. JRQM
2. JRMQ
3. RJQM
4. RJMQ ✔

Q.19 $7\sec A(1+\sin A)(\sec A-\tan A)-4$ का मान ज्ञात करें।

Ans
1. 4
2. 10
3. 3 ✔
4. 7

Q.20 निम्नलिखित में से कौन-सा एमएस पावरपॉइंट (MS PowerPoint) फीचर, प्रत्येक स्लाइड के लिए समय रिकॉर्ड करने और स्लाइड शो (slideshow) के दौरान किसी भी नरेशन या लेजर पॉइंटर संचलन को स्वचालित रूप से रिप्ले (replay) करने की सुविधा देता है?

Ans
1. सेट अप स्लाइड शो (Set Up Slide Show)
2. रिहेअर्स टाइम (Rehearse Timings)
3. प्रेजेंटर व्यू (Presenter View)
4. रिकॉर्ड स्लाइड शो (Record Slide Show) ✔

Q.21 यदि $\frac{x+1}{x}=11$ है, तो $\frac{x^2+1}{x^2}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 114
2. 112
3. 129
4. 119 ✔

Q.22 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी इंडक्शन, स्टोव हैं।
कुछ स्टोव, ओवन हैं।
कुछ ओवन, तंदूर हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ तंदूर, इंडक्शन हैं।
(II) कुछ ओवन, इंडक्शन हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
2. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है ✔

Q.23 जनवरी 2025 में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की मेजबानी किस शहर ने की?

Ans
1. भुवनेश्वर ✔
2. लखनऊ
3. नई दिल्ली
4. हैदराबाद

www.govtjobsalert.in

Q.24 यदि किसी संख्या का 56% किसी अन्य संख्या के $\frac{5}{9}$ वें भाग के बराबर है, तो पहली संख्या संख्या और दूसरी संख्या का अनुपात ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
✗ 1. 130 : 131
✓ 2. 125 : 126
✗ 3. 123 : 128
✗ 4. 128 : 125

Q.25 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

JN28 IM40 HL52 GK64 ?

Ans
✓ 1. FJ76
✗ 2. FI76
✗ 3. FI77
✗ 4. FJ77

Q.26 कर्नाटक में स्थित बादामी गुफाओं का निर्माण निम्नलिखित में से किन शासकों के द्वारा करवाया गया था?

Ans
✗ 1. मौर्य
✓ 2. चालुक्य
✗ 3. पाण्ड्य
✗ 4. पल्लव

Q.27 यदि ₹8,20,000 की धनराशि को अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 6% वार्षिक ब्याज दर से एक वर्ष के लिए निवेश किया जाता है, तो प्राप्त होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹48,444
✗ 2. ₹50,028
✓ 3. ₹49,938
✗ 4. ₹49,685

Q.28 एमएस पावरपॉइंट में, एक नया ब्लैंक प्रेजेंटेशन बनाने के लिए निम्नलिखित में से किस कीबोर्ड संयोजन का उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. Ctrl + E
✓ 2. Ctrl + N
✗ 3. Ctrl + O
✗ 4. Ctrl + B

Q.29 यदि आंकड़ों का माध्य 76 है और माध्यिका 100 है, तो आंकड़ों का बहुलक (मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करते हुए) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 148
✗ 2. 60
✗ 3. 77
✗ 4. 174

Q.30 किन उद्योगों में सामान्यतः टेट्राक्लोरोमेथेन (Tetrachloromethane) को विग्रीजन कर्मक के रूप में उपयोग किया जाता है?

Ans
✗ 1. वस्त्र उद्योग
✗ 2. बॉटलिंग उद्योग
✓ 3. विनिर्माण और यांत्रिक उद्योग
✗ 4. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

www.govtjobsalert.in

Q.31 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से JROK का संबंध HPMI से है। उसी प्रकार, GOLH का संबंध EMJF से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, DLIE का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. JBGC
- ✗ 2. JBCG
- ✗ 3. BJCG
- ✓ 4. BJGC

Q.32 यदि संख्या 57831426 में प्रत्येक सम अंक और प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नयी संख्या में बायीं ओर से पहले दो और अंतिम दो अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. 20
- ✓ 2. 24
- ✗ 3. 22
- ✗ 4. 26

Q.33 मिस्टर C बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करते हैं और पश्चिम की ओर 5 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं, 11 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 3 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं और 4 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं, 3 km ड्राइव करते हैं। फिर वे अंतिम दाएं मुड़ते हैं, 15 km ड्राइव करते हैं और बिंदु B पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

Ans
- ✗ 1. 1 km पूर्व की ओर
- ✗ 2. 3 km दक्षिण की ओर
- ✗ 3. 1 km उत्तर की ओर
- ✓ 4. 1 km पश्चिम की ओर

Q.34 भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक भारत चौथा देश बन जाएगा जिसका विदेशी मुद्रा (फॉरेक्स) भंडार बढ़कर $_________ बिलियन हो गया।

Ans
- ✗ 1. 901
- ✗ 2. 1,000
- ✓ 3. 701
- ✗ 4. 101

Q.35 अप्रैल 2025 में, किस देश के अंतरिम राष्ट्रपति ने कतर में इराकी प्रधान मंत्री से मुलाकात की?

Ans
- ✓ 1. सीरिया
- ✗ 2. जॉर्डन
- ✗ 3. ईरान
- ✗ 4. लेबनान

Q.36 8 अप्रैल 2025 को हिमालयी उच्च ऊंचाई वायुमंडलीय एवं जलवायु अनुसंधान केंद्र (Himalayan High Altitude Atmospheric and Climate Research Centre) का उद्घाटन किस जिले में किया गया?

Ans
- ✗ 1. पुलवामा
- ✗ 2. श्रीनगर
- ✓ 3. ऊधमपुर
- ✗ 4. अनंतनाग

Q.37 शहरी स्थानीय सरकारी निकायों के वित्त की समीक्षा के लिए 74वें संविधान संशोधन, 1992 द्वारा किस वित्तीय संस्थान की स्थापना की गई थी?

Ans
- ✗ 1. नगरपालिका कोषागार बोर्ड
- ✓ 2. राज्य वित्त आयोग
- ✗ 3. शहरी कराधान प्राधिकरण
- ✗ 4. भारतीय रिजर्व बैंक

www.govtjobsalert.in

Q.38 एमएस पावरप्वाइंट का मुख्य कार्य क्या है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. इंटरनेट ब्राउज़ करना
2. ईमेल प्रबंधित करना
3. स्लाइडशो बनाना और प्रस्तुत करना
4. फ़ोटो एडिटिंग करना

Q.39 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 4 2 1 6 9 & © 2 $ % 6 & $ $ * 5 @ £ 1 8 @ # (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
1. 6
2. 4
3. 5
4. 7

Q.40 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।
(नोट: सभी संख्याएँ केवल एकल अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएं) 9 # 2 6 7 © 6 8 & © $ & 3 9 1 7 $ 5 # @ * 4 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

Ans
1. 0
2. 1
3. 2
4. 3

Q.41 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है तथा उसके बाद नीचे शर्तें दी गई हैं। दिए गए कूटों और शर्तों का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का प्रत्यक्ष रूप से पालन किया जाना चाहिए, जैसा कि तालिका में दिया गया है।

| Number/symbol | 7 | % | 2 | 5 | * | $ | 3 | ^ | # | 4 | + | 6 | 9 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Code | U | G | L | F | B | M | C | H | N | D | J | P | E | K |

संदर्भ:
**Number/symbol** - संख्या/प्रतीक
**Code** - कूट

शर्तें:
I) यदि पहला अवयव एक प्रतीक है और अंतिम अवयव एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के कूटों को आपस में बदल दिया जाना है।
II) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम अवयवों को @ के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।
III) यदि दूसरा और तीसरा दोनों अवयव पूर्ण वर्गमूल हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना है।

536+8 के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. @CPJ@
2. FCPJK
3. @PCJ@
4. KCPJF

www.govtjobsalert.in

Q.42 A, B को एक स्मार्टफोन 60% की हानि पर बेचता है और B, C को वह स्मार्टफोन 25% के लाभ पर बेचता है। यदि C ने स्मार्टफोन ₹42,206 में खरीदा, तो A के लिए स्मार्टफोन की कीमत (₹ में) कितनी थी?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 84,407
2. 84,415
3. 84,412 ✔
4. 84,406

Q.43 ब्राज़ील में 2024 G20 शिखर सम्मेलन का विषय क्या था?

Ans
1. एकजुटता, समानता, संधारणीयता
2. सभी के लिए समावेशी विकास
3. वैश्विक सुधार और लचीलापन
4. एक न्यायसंगत विश्व एवं एक संधारणीय ग्रह का निर्माण ✔

Q.44 नंदन के पास कुछ कंचे थे। जब उसने कंचों को 32 बच्चों में बराबर-बराबर बांट दिए, तो उसने पाया कि 4 कंचे शेष बच गए। यदि उसने कंचों को 41 बच्चों और 48 बच्चों में बराबर-बराबर बांटा होता, तो भी उसके पास क्रमशः 13 और 20 कंचे शेष बचते। लेकिन जब उसने उन्हें 53 बच्चों में बराबर-बराबर बांटा, तो एक भी कंचा शेष नहीं बचा। नंदन के पास आरंभ में जितने कंचे थे, उनकी संख्या _________ के बीच हो सकती है।

Ans
1. 7814 और 7824
2. 7794 और 7804
3. 7834 और 7854 ✔
4. 7864 और 7874

Q.45 कॉपी किए गए कंटेंट को पेस्ट करने के लिए आमतौर पर किस की-बोर्ड शॉर्टकट का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. Ctrl + F
2. Ctrl + S
3. Ctrl + C
4. Ctrl + V ✔

Q.46 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। F एक सम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन 6 पर नहीं। C और F जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 9 है। F और E जिन तलों पर रहते हैं उनका योग 5 है। A, B के ठीक नीचे रहता है। B के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. 4
2. 2 ✔
3. 1
4. 3

Q.47 मान लीजिए कि Z को प्रति एकक सेल में परमाणुओं की संख्या, M को पदार्थ के मोलर द्रव्यमान और $N_A$ को आवोगाद्रो संख्या के रूप में निरूपित करते हैं। एकक सेल के घनत्व (d) की गणना करने के लिए किस सूत्र का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. $d = (Z \times M) / (a^3 \times N_A)$ ✔
2. $d = (Z \times N_A) / (M \times a^3)$
3. $d = (M \times a^3) / (Z \times N_A)$
4. $d = (a^3 \times N_A) / (Z \times M)$

www.govtjobsalert.in

Q.48 गुप्त साम्राज्य के दौरान, 'चाटा' और 'भाटा' (Chata and Bhata) शब्दों का इस्तेमाल ________ के लिए किया जाता था।

www.govtjobsalert.in

Ans
1. सैन्य जासूस
2. नियमित और अनियमित सेना ✔
3. पुरोहित योद्धा
4. हाथी सवार

Q.49 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2025 में गुजरात में 'लखपति दीदी' योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। इस संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
इस योजना का उद्देश्य SHG सदस्यों को कृषि मौसम या व्यावसायिक चक्रों के दौरान कम से कम ₹1 लाख की वार्षिक घरेलू आय अर्जित करने में सक्षम बनाकर महिलाओं को सशक्त बनाना है।
यह चयनित SHG सदस्यों को उनकी आजीविका का समर्थन करने के लिए ₹1 लाख का प्रत्यक्ष वार्षिक नकद हस्तांतरण प्रदान करता है।
यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा DAY-NRLM के तहत कार्यान्वित की जाती है।

Ans
1. 2 और 3
2. 1 और 3 ✔
3. 1 और 2
4. केवल 1

Q.50 जनवरी 2025 में, निम्नलिखित में से किसे भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड का लोकपाल और नैतिकता अधिकारी नियुक्त किया गया?

Ans
1. न्यायमूर्ति हरीश टंडन
2. न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा ✔
3. न्यायमूर्ति आशीष नैथानी
4. न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची

Q.51 एक कार पहले घंटे में 60 km, दूसरे घंटे में 80 km और तीसरे घंटे में 100 km की दूरी तय करती है। 3 घंटे में कार की औसत चाल कितनी है?

Ans
1. 75 km/hr
2. 85 km/hr
3. 90 km/hr
4. 80 km/hr ✔

Q.52 यदि $x^2 + \frac{1}{x^2} = 83$ है तथा $x > 0$ है, तो $x^3 - \frac{1}{x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 820
2. 756 ✔
3. 720
4. 656

Q.53 कौन-सा स्थल अपनी विस्तृत गोदी संरचना के लिए जाना जाता है?

Ans
1. धोलावीरा
2. राखीगढ़ी
3. लोथल ✔
4. हड़प्पा

Q.54 A की वर्तमान आयु के नौ गुने और B की वर्तमान आयु के आठ गुने का योग 29 वर्ष है। B की वर्तमान आयु का दो गुना, A की वर्तमान आयु के दो गुने से 20 वर्ष अधिक है। अब से 6 वर्ष बाद, A और B की आयु का योग (वर्ष में) कितना होगा?

Ans
1. 14
2. 12
3. 10
4. 16 ✔

www.govtjobsalert.in

Q.55 UNEP उत्सर्जन अंतराल रिपोर्ट 2024 के अनुसार, यदि वर्तमान नीतियां जारी रहीं तो सदी के अंत तक अनुमानित वैश्विक तापमान वृद्धि कितनी होगी?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 4.6%
2. 4.8%
3. 3.1% ✓
4. 3.8%

Q.56 अपदस्थ नवाब वाजिद अली शाह के पुत्र बिरजिस कद्र को किस स्थान की एक रियासत का नया नवाब घोषित किया गया था?

Ans
1. मैसूर
2. मद्रास
3. लखनऊ ✓
4. दिल्ली

Q.57 सात व्यक्ति, A, B, L, M, N, S और T उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। S के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। S और B के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। T, S के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। T और M के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। L, A के दाईं ओर किसी एक स्थान पर, लेकिन N के बाईं ओर किसी एक स्थान पर बैठा है। L के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. चार
2. दो
3. तीन ✓
4. एक

Q.58 नदियाँ तटीय मैदान के निर्माण में किस प्रकार योगदान दे सकती हैं?

Ans
1. वाष्पीकरण द्वारा
2. समुद्र का स्तर बढ़ाकर
3. समय के साथ तलछट जमा करके ✓
4. भ्रंश रेखाएँ बनाकर

Q.59 2024-25 में, PMLA (धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002) के तहत जमानत पर दिये गए सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि धारा 45 के तहत दोहरी शर्तों के बावजूद, बिना मुकदमे के लंबे समय तक कारावास PMLA-2002 के तहत जमानत देने का एक वैध आधार हो सकता है।
अरविंद केजरीवाल के केस में, न्यायालय ने फैसला सुनाया कि गिरफ्तारी की वैधता में मानक "विश्वास करने के कारण" खंड के अतिरिक्त गिरफ्तारी की "आवश्यकता और अनिवार्यता" पर भी विचार किया जाना चाहिए।
न्यायालय ने माना है कि "जमानत अपवाद है, जेल नियम है", जो धन शोधन के मामलों में लागू रहता है।

Ans
1. केवल कथन 2 और 3
2. केवल कथन 1 और 2 ✓
3. केवल कथन 1
4. कथन 1, 2 और 3

Q.60 कल्पना और सुधा को एक ही परीक्षा में क्रमशः 624 और 720 अंक प्राप्त हुए। यदि कल्पना ने 26% अंक प्राप्त किए, तो सुधा द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत क्या है?

Ans
1. 30% ✓
2. 29%
3. 33%
4. 27%

www.govtjobsalert.in

Q.61 A, B और C का औसत वजन 45 kg है। यदि A और B का औसत वजन 37 kg है तथा B और C का औसत वजन 47 kg है, तो B का वजन (kg में) कितना है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 43
2. 48
3. 23
4. 33 ✔

Q.62 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

6 13 25 42 64 ?

Ans
1. 81
2. 91 ✔
3. 86
4. 96

Q.63 रण उत्सव (दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक) का स्थल धोर्डो किस भारतीय राज्य में और किस भौगोलिक स्थल के निकट स्थित है?

Ans
1. पंजाब - सतलज बेसिन
2. गुजरात - कच्छ का रण ✔
3. राजस्थान - थार मरुस्थल
4. महाराष्ट्र - पश्चिमी घाट

Q.64 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$2\frac{2}{9}\times 2\frac{2}{3}\times 567+8\frac{3}{4}$$

Ans
1. 3372.15
2. 3368.75 ✔
3. 3347.25
4. 3364.35

Q.65 एक डीलर ने ₹54,000 में एक ओवन खरीदा। वह इसके अंकित मूल्य पर 10% की छूट प्रदान करता है और फिर भी 75% लाभ अर्जित करता है। ओवन का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹1,04,868
2. ₹1,04,961
3. ₹1,05,000 ✔
4. ₹1,04,968

Q.66 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है'
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'P + Q x R – S ÷ T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
1. पुत्र की पत्नी का भाई
2. पुत्री का पति ✔
3. पत्नी के भाई का पुत्र
4. पुत्री का पुत्र

www.govtjobsalert.in

Q.67 किस वर्ष संपत्ति के अधिकार को भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों से हटा दिया गया था?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. 1986
2. 1978
3. 1976
4. 1952

Q.68 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित करना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के समान हो?
# : QVS :: GLI : %

Ans
1. # = PMN, % = PJY
2. # = LQN, % = LQN
3. # = KOJ, % = HGT
4. # = LPQ, % = LKP

Q.69 1991 के बाद की आर्थिक नीति परिदृश्य में, श्रम सुधार एक प्रमुख एजेंडा रहा है। 2019-2020 में लागू किए गए श्रम सुधारों के तहत भारत सरकार द्वारा कितनी श्रम संहिताओं को समेकित किया गया?

Ans
1. चार
2. तीन
3. दो
4. पांच

Q.70 पिथोरा चित्रकला में, पिथोरा रंग बनाने के लिए दूध के साथ किसका उपयोग किया जाता है?

Ans
1. सेब का सिरका
2. इमली का पेस्ट
3. नींबू का रस
4. महुदा

Q.71 एक निश्चित कूट भाषा में, 'KITE' को '3641' और 'LACK' को '1295' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 2
2. 4
3. 5
4. 1

Q.72 श्री हेलक्स बिंदु A से शुरू करते हैं और पश्चिम की ओर 18 km ड्राइव करते हैं। फिर वे बाएं मुड़ते हैं, 6 km ड्राइव करते हैं, दाएं मुड़ते हैं और 21 km ड्राइव करते हैं। फिर वे दाएं मुड़ते हैं और 18 किमी ड्राइव करते हैं। वे अंतिम बार दाएं मुड़ते हैं, 39 km ड्राइव करते हैं और बिंदु P पर रुकते हैं। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उन्हें कितनी दूरी (सबसे छोटी दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. उत्तर में 19 km
2. पश्चिम में 10 km
3. दक्षिण में 12 km
4. पूर्व में 16 km

Q.73 एक टेबल लैंप को ₹863 में बेचने पर अर्जित प्रतिशत लाभ उसी टेबल लैंप को ₹433 में बेचने पर होने वाली प्रतिशत हानि के बराबर है। 25% लाभ अर्जित करने के लिए टेबल लैंप को किस मूल्य (₹ में) पर बेचा जाना चाहिए?

Ans
1. 813
2. 810
3. 811
4. 812

www.govtjobsalert.in

Q.74 जब आप MS वर्ड 365 में बुलेट या नंबर लिस्ट के साथ काम करते समय 'Enter' दबाते हैं तो निम्न में से क्या होता है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. यह लिस्ट को प्लेन टेक्स्ट में बदल देता है।
2. यह उसी बुलेट या नंबर के साथ एक नई लिस्ट आइटम बनाता है।
3. यह स्वचालित रूप से नंबरिंग को पुनः आरंभ करता है।
4. यह पिछली बुलेट या नंबर को डिलीट कर देता है।

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में, 'talk to him' को 'yd hp mu' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'when you talk' को 'nc mu bt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'talk' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाता है?

Ans
1. bt
2. mu
3. nc
4. yd

Q.76 निम्नलिखित में से कौन-सा, कोशिकाओं में RNA अणुओं की कार्यात्मक विविधता को सर्वोत्तम रूप से व्यक्त करता है?

Ans
1. अनुकूलक, संरचनात्मक और उत्प्रेरक अणुओं के रूप में कार्य करने की उनकी क्षमता
2. द्विलड़ीय कुंडलिनी संरचना बनाने की उनकी क्षमता
3. डीऑक्सीराइबोन्यूक्लियोटाइड (deoxyribonucleotides) का उनका रैखिक अनुक्रम
4. आनुवंशिक सामग्री के रूप में उनकी स्थायी भूमिका

Q.77 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

1112 1120 1130 1142 1156 ?

Ans
1. 1170
2. 1174
3. 1168
4. 1172

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. SZEH
2. IPVX
3. NUZC
4. GNSV

Q.79 एक इलेक्ट्रिक पंप एक टैंक को 4 घंटे में भर सकता है। टैंक में रिसाव के कारण, टैंक को भरने में $9\frac{1}{3}$ घंटे लगते हैं। यदि इस अवधि के दौरान किसी अन्य बिंदु से पानी टैंक में न तो आता है और न ही बाहर जाता है, तो इस रिसाव से पूरा टैंक कितने समय में खाली हो जाएगा?

Ans
1. 2 घंटे
2. 7 घंटे
3. 17 घंटे
4. 15 घंटे

Q.80 भूख हड़ताल को हथियार के रूप में पहली बार महात्मा गांधी ने किस संघर्ष के दौरान इस्तेमाल किया था?

Ans
1. खेड़ा सत्याग्रह
2. असहयोग आंदोलन
3. अहमदाबाद मिल मजदूरों का संघर्ष
4. चंपारण सत्याग्रह

www.govtjobsalert.in

Q.81 यदि α और β, समीकरण $x^2 - x - 6 = 0$ के मूल हैं, तो $\alpha^4 + \beta^4$ का मान ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✔ 1. 97
- ✘ 2. 95
- ✘ 3. 100
- ✘ 4. 90

Q.82 एक समद्विबाहु त्रिभुज में, शीर्ष कोण की माप 124° है। प्रत्येक आधार कोण की माप ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. 28° और 28°
- ✘ 2. 29° और 41°
- ✘ 3. 24° और 40°
- ✘ 4. 31° और 25°

Q.83 1992 से पहले, भारत में स्थानीय सरकारों की स्थिति क्या थी?

Ans
- ✘ 1. केंद्र सरकार द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित
- ✔ 2. राज्य कानून के तहत वैधानिक स्थिति
- ✘ 3. संवैधानिक स्थिति
- ✘ 4. स्वायत्त स्वशासन

Q.84 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) 7 & 9 ^ # 1 * 5 ≺ 2 6 ≡ 4 △ 3 $ @ 8 (दाएं)

यदि श्रृंखला से सभी प्रतीकों को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दायें से पांचवां होगा?

Ans
- ✘ 1. 1
- ✔ 2. 2
- ✘ 3. 6
- ✘ 4. 5

Q.85 जनवरी 2025 में, किसे सेब की HRMN-99 किस्म विकसित करने के लिए पद्म श्री से सम्मानित किया गया?

Ans
- ✘ 1. रमेश पोखरियाल
- ✘ 2. राजेश राजन
- ✔ 3. हरिमन शर्मा
- ✘ 4. जी.एस. रंधावा

Q.86 सात बॉक्स, A, B, C, D, E, F और G, एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। E को G के ठीक ऊपर रखा गया है। C को D के ठीक ऊपर रखा गया है। F के ऊपर केवल B को रखा गया है। E के ऊपर केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। C को नीचे से तीसरे स्थान पर नहीं रखा गया है। C के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✔ 1. 5
- ✘ 2. 2
- ✘ 3. 3
- ✘ 4. 4

Q.87 प्रेक्षणों 24, 33, 32, 24, 28, 24, 29, 25, 25, 34, 27, 26, 22, 34, 27, 24 और 30 का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ 1. 32
- ✔ 2. 24
- ✘ 3. 33
- ✘ 4. 28

www.govtjobsalert.in

Q.88 कोरोमंडल (Coromandel) तट भारत के किस भाग में स्थित है?

www.govtjobsalert.in

Ans
1. दक्षिणी पश्चिमी तट ✗
2. उत्तरी पूर्वी तट ✗
3. दक्षिणी पूर्वी तट ✓
4. उत्तरी पश्चिमी तट ✗

Q.89 अप्रैल 2025 में लॉन्च किए गए हंसा एनजी ट्रेनर विमान में किस प्रकार के इंजन का उपयोग किया गया है?

Ans
1. प्रैट एंड व्हिटनी PT6 इंजन (Pratt & Whitney PT6 engine) ✗
2. रोटैक्स 912 iSc3 स्पोर्ट्स इंजन (Rotax 912 iSc3 Sports engine) ✓
3. लाइकमिंग O-320 इंजन (Lycoming O-320 engine) ✗
4. कॉन्टिनेंटल IO-360 इंजन (Continental IO-360 engine) ✗


Q.90 भारत में विधवा पुनर्विवाह की अनुमति किस कानून ने दी?

Ans
1. समानता कानून अधिनियम, 1870 ✗
2. महिला संरक्षण अधिनियम, 1862 ✗
3. हिंदू विधवा पुनर्विवाह अधिनियम, 1856 ✓
4. महिला अधिकार अधिनियम, 1859 ✗

Q.91 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। Q और T के बीच केवल पांच लोगों की परीक्षा है। U की परीक्षा गुरुवार को है। S की परीक्षा V से ठीक पहले है। R की परीक्षा Q से ठीक पहले है। V और P के बीच कितने लोगों की परीक्षा है?

Ans
1. तीन ✗
2. चार ✗
3. एक ✓
4. दो ✗

Q.92 दी गई आकृति में, $AB$ और $CD$ दो समांतर रेखाएँ हैं तथा $PQ$ एक तिर्यक छेदी रेखा है। $\angle PMB$ का माप ज्ञात कीजिए।




Ans
1. 50° ✗
2. 120° ✗
3. 100° ✗
4. 130° ✓

www.govtjobsalert.in

Q.93 एक खोखला गोलाकार कोश 28 g/$cm^3$ घनत्व वाली धातु से बना है। इसकी आंतरिक और बाह्य त्रिज्याएं क्रमशः 2 cm और 5 cm हैं। खोल कोश अनुमानित वजन (kg में) कितना है?

www.govtjobsalert.in

($\pi = \frac{22}{7}$ और घनत्व = द्रव्यमान/आयतन मानिए)

Ans
✔ 1. 13.728
✘ 2. 15.12
✘ 3. 10.728
✘ 4. 15.49

Q.94 81 - 4 × (5 + 2) + 54 का सरलीकृत मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 114
✔ 2. 107
✘ 3. 108
✘ 4. 110

Q.95 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '–' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

37 S (28 Q 7) P 5 R 4 P 6 S 21 = ?

Ans
✘ 1. 76
✘ 2. 69
✔ 3. 54
✘ 4. 43

Q.96 दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।
QRH MPG INF ELE ?

Ans
✘ 1. AHE
✘ 2. AJE
✘ 3. BHD
✔ 4. AJD

Q.97 भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
✔ 1. ये निरपेक्ष हैं।
✘ 2. ये उचित प्रतिबंध के अधीन हैं।
✘ 3. सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार मौलिक अधिकार हैं।
✘ 4. ये न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हो सकते हैं।

Q.98 यदि एक घनाभ की लंबाई 33 cm, चौड़ाई 4 cm और आयतन 7524 $cm^3$ है, तो घनाभ की ऊंचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 57
✘ 2. 60
✘ 3. 54
✘ 4. 67

Q.99 एक गाँव की जनसंख्या 1,20,000 थी। पहले वर्ष में इसमें 10% की वृद्धि हुई तथा दूसरे वर्ष में 30% की वृद्धि हुई। दो वर्ष बाद इसकी जनसंख्या _______ होगी।

Ans
✘ 1. 1,32,000
✔ 2. 1,71,600
✘ 3. 1,68,000
✘ 4. 1,56,000

www.govtjobsalert.in

Q.100 एक पाइप एक टैंक को 27 घंटे में भर सकता है। एक अन्य पाइप भरे हुए टैंक को 28 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक का एक-चौथाई भाग भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

www.govtjobsalert.in

Ans
- ✗ 1. 378
- ✗ 2. 567
- ✓ 3. 189
- ✗ 4. 756

www.govtjobsalert.in